**तैयारी** | **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कई प्रोजेक्ट का लोकार्पण व शिलान्यास कराने की तैयारी कर रही सरकार**

# फिल्म सिटी, टेक्सटाइल पार्क की नींव जल्द

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश की जनता को कई विकास परियोजनाओं की सौगात मिलेगी, तो वहीं कई विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इन परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास कराने की तैयारी है।

लखनऊ व हरदोई के बीच बन रहा पीएम मेगा मित्र टेक्सटाइल पार्क 1000 एकड़ जमीन बनाया जाना है। इसके लिए विकासकर्ता का चयन हो गया है। जमीन का बंदोबस्त होने के साथ ही बुनियादी ढांचा भी तैयार हो रहा है।

अब इसका शिलान्यास कराया जाना है।



**1000**
एकड़ में लखनऊ और हरदोई के बीच बनाया जाना है टेक्सटाइल पार्क

इसके लिए प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का इंतजार है।

**अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी के शिलान्यास की तैयारी:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम परियोजना फिल्म सिटी के लिए विकासकर्ताओं का चयन होने के बाद अब इसका शिलान्यास कराने की तैयारी है। यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण की कोशिश है कि इसका निर्माण दिसंबर तक शुरू हो जाए।

**गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे तैयार :** गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे बन कर लगभग तैयार हो गया है। अब इसके लोकार्पण का इंतजार है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे गोरखपुर बाईपास एनएच- 27 ग्राम जैतपुर के पास से प्रारंभ होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर जनपद आजमगढ़ के सालारपुर में समाप्त होगा। इसके अलावा फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे, लखनऊ लिंक एक्सप्रेसवे का भी शिलान्यास निकट भविष्य में होना है।

## जेवर एयरपोर्ट व गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण में तेजी

इस समय नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर तेजी से काम चल रहा है। पहले चरण का काफी काम हो गया है लेकिन यहां उड़ान संचालित होने का काम अगले साल मार्च तक होने की संभावना है। गंगा एक्सप्रेसवे का 56 प्रतिशत से ज्यादा काम हो गया है। इसे तय समय में पूरा करने के लिए युद्धस्तर पर काम चल रहा है। छह माह में इसे पूरा होने की उम्मीद है। इसका लोकार्पण भी प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के जरिए होगा। उधर, ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क का काम चल रहा है। इसमें दवा के कच्चे माल के रूप में एक्टिव फार्मास्यूटिकल इंग्रीडिएंटस का भी निर्माण होगा।